कार्यालय सहायक निदेशक निर्माण एवं संयंत्र (विद्युत)

गो0 ब0 पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पन्तनगर– 263145 जिला–ऊधम सिंह नगर

पत्रांकः स0नि0वि0 / **298** दिनांक : 23.08.2022

निविदा सूचना

इस विश्वविद्यालय में पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मों एवं राजकीय निर्माण एजेंसियों / उत्तराखण्ड शासन द्वारा नामित कार्यदायी संस्था में पंजीकृत तथा 'अ' श्रेणी विद्युत लाइसेन्स धारक ठेकेदारों / फर्मों से निम्नलिखित कार्यों हेतु मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से दिनांक 26.09.2022 के 5.00 बजे अपराहन् तक प्राप्त / खरीदे जा सकते हैं और वे दिनांक 27.09.2022 को 3.00 बजे अपराहन् तक **विश्वविद्यालय के सुरक्षा विभाग में पंजीकृत डाक द्वारा अथवा सुरक्षा विभाग में रखी निविदा पेटिका** में प्राप्त कर 3.30 बजे अपराहन् में निदेशक निर्माण एवं संयंत्र के कार्यालय में उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा के साथ रू0 100.00 (एक सौ रूपये मात्र) के नान जूडिसियल स्टाम्प पेपर पर निर्धारित शपथ पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। पूर्ण धरोहर राशि प्रतिभूतियों के रूप में, जो नियंत्रक गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौधोगिक विश्वविद्यालय पंतनगर के नाम देय हो अथवा नगद जमा प्रपत्र मुहरबंद लिफाफे में निविदा के साथ प्रथक रूप से संलग्न करनी होगी। बिना धरोहर राशि के किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। शर्तों के अनुरूप न होने पर निविदा निरस्त कर दी जायेगी।

अधोहस्ताक्षरकर्ता को किसी या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार होगा। निविदा की वैधता अवधि चार मास होगी।

अनुबंध करते समय स्टाम्प ड्यूटी राज्य सरकार के आदेशानुसार देय होगी। कार्य अनुबन्ध से पूर्व फर्म / ठेकेदार को कार्य की अनुमानित लागत पर नियमानुसार परफोरमेंस सिक्योरिटी जमा करनी होगी तथा प्रत्येक देयक से 01 प्रतिशत लेबर सैस की कटौती भी की जायेगी।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	अनुमानित लागत `	धरोहर राशि `	निविदा प्रपत्र का मूल्य `	कार्य समाप्ति की अवधि
1.	Providing LT Line (A.B. Cable) & Installation of 250 KVA Aluminium Wound Transformer in I Block at Haldi.	21,81,600.00	43,632.00	1000.00 + GST 18%	90 Days
2.	Providing HT Line & Installation of 250 KVA Transformer at O Block Beni.	21,99,900.00	43,998.00	1000.00 + GST 18%	90 Days
3.	Electrification of Seed Hub at KVA Dhakrani Dehradun.	3,77,500.00	7,550.00	200.00 + GST 18%	30 Days

सहायक निदेशक नि0 एवं संयंत्र (विद्युत)
गो0ब0 पन्त कृषि एवं प्रौ0 विश्वविद्यालय पंतनगर (उधमसिंहनगर)

प्रतिलिपि :

1. सभी कार्यरत ठेकेदारों / फर्म / विभिन्न सूचना बोर्ड पर सभी ठेकेदारों को सूचनार्थ।
2. निदेशक निर्माण एवं संयंत्र,
3. उपनिदेशक निर्माण एवं संयंत्र (विद्युत)
4. नोटिस बोर्ड
5. समस्त ठेकेदारों को सूचनार्थ
6. संबंधित अवर अभियंता को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7. प्रभारी विश्वविद्यालय वेब साइट प्रौद्योगिक महाविद्यालय को इस अनुरोध के साथ कि उपरोक्त दर सूचना का वि0वि0 की वैवसाइट पर भी व्यापक प्रसारण कराने की कृपा करें।